


23 I A with the permission by L.R.D.C Simdega vide case no 343/16-17

22-4-17

9-10-2017

9.10.17

## विक्रय-पत्र

1. **लेख्यकारी** :- अमोस डॉग वो जोन डॉग दोनों पिता स्व0 मसी मुण्डा उर्फ मसीह प्रकाश डॉग, जाति-मुण्डा, पेशा-सेवा निवृत एवं कृषि, निवास ग्राम-सिमडेगा बाजार टोली, थाना सिमडेगा, जिला-सिमडेगा (झारखण्ड)

आधार कार्ड नं0 क्रमशः-3546 2652 5962 एवं 8280 2325 3210

शपथ-पत्र संख्या- 81, 82/2018

.... विक्रेता

12-3-18

9.10.17

2· **लेख्यधारी** :-श्रीमति जैतून सियोन टेटे पति सुरसेन टेटे, जाति - खाड़िया, पेशा नौकरी निवासी ग्राम- गरजा पहारटोली, थाना सिमडेगा जिला-सिमडेगा (झारखण्ड)
आधार कार्ड नं0- 7397 1685 8345
शपथ-पत्र संख्या : 83/2018
हाल्डिंग नं0- 01200000 12000 एम0
.. .. क्रेतिका भारतीय

3· **लेख्यप्रकार** :- बिक्रय-पत्र (केवाला)

4· **मूल्य** :-मोबलिग- 394000/=रूपये, तीन लाख चौरानब्बे हजार रूपये जिसका आधा एक लाख सन्तानब्बे हजार रूपये अके 197000/= रूपये होता है ।

5· **सम्पति** :-मौजा सिमडेगा, बाजारटोली, थाना/अंचल=सिमडेगा, जिला अवर निबंधक कार्यालय वो जिला- सिमडेगा, थाना नं0- 116 (एक सौ सोलह) खाता नं0- 63 (तिरसठ) पलाट नं0-241 (दो सौ एकतालिस) रकबा 1·17 एकड़ में से 0·08½ एकड़ (साढे आठ डिसमिल दर्जा, जमीन टांड़ आवासीय, जिसपर कोई निर्माण कार्य, या निर्माण या पेड़ पौधा नहीं है ।
मालगुजारी 0·05 रू0 अलावे सेस सलाने ।

**चौहद्दी** :-उतर - टांड़ पलाट नं0- 53
दक्षिण - दोन पलाट नं0- 242
पूरब - टांड़ इसी पलाट का अंश नीज क्रेता ।
पश्चिम- टांड़ इसी पलाट का अंश हाल खरीदगी ।

यह जमीन शहरी क्षेत्र के वार्ड नं0- 12 में अवस्थित है ।

हमलोग घोषित करते हैं कि यह बिक्रय वाली जमीन खाश महल, कैसरेहिन्द, सैरात, भूहदबन्दी, आम गैरमजरूआ, लीज, से संबंधित नहीं है ।

(क) चूंकि हमलोगों को खेती लायक जमीन खरीदने की इच्छा हुई । और जमीन बिक्री के सिवाय रूपये प्राप्त करने का कोई उपाय नहीं रहने के कारण लेखधारी से हमारी उपर्युक्त जमीन को खरीद लेने का आग्रह किया, जिसे वे खरीदना स्वीकार की ।

अतः हमलोगों ने हमारी उपर्युक्त जमीन को लेखधारी से बिक्री करने की अनुमति प्राप्त करने हेतु आवेदन छोटानागपूर काश्तकारी अधिनियम की धारा 46 के अंतर्गत श्रीमान् उप समाहर्ता भूमि सुधार, सिमडेगा की न्यायालय में दिया । जिसे राजस्व अनुमति वाद संख्या- 343/2016-17 दर्ज किया गया । एवं अंचल अधिकारी सिमडेगा से जांच प्रतिवेदन प्राप्त की गई है । जिसका पत्रांक संख्या- 228 दिनांक- 12.04.2017 है । तथा अनुमति आदेश पारित किया गया है, जिसकी एक प्रति हमें प्राप्त हुई है, जो मेमो नं0- 382(ii) दिनांक- 22.04.2017 के द्वारा निर्गत है ।

(ख) अतः हमलोग अपने-अपने स्वेच्छा से शरीर और मन की स्वस्थता में ऊपर वर्णित सम्पति का पूरा कीमत लेखधारी से नगद चुकता पाकर बेच दिया । तथा इस सम्पति का पूरा अधिकार एवं स्वामित्व लेखधारी को हस्तांतरित कर दिया। अब इस सम्पति पर हमारा या हमारे किसी भी उत्तराधिकारी न कोई अधिकार रहा न आईन्दे होगा ।


(ग) हमलोग यह घोषित करते हैं कि हमारी पुश्तैनी कायमी जमीन है। जिसके खतियानी रैयत हमारे पिता मसी मुण्डा उर्फ मसीह प्रकाश मुण्डा वगैरह है। तथा खतियान में लगान पाने वाले का नाम मैनेजर इनकम्बर्डइस्टेट मीन जानीब टिकैत श्री निवास हुकुम सिंह देव दर्ज है । यह सम्पति हमें उतराधिकार में प्राप्त हुई है तथा आपसी बंटवारा में यह सम्पति हमारे हिस्से एवं कब्जे में आई है । दानिएल महतो हमारे बड़े दादा है उन्हीं के नाम मालगुजारी की रशीद निर्गत होता है ।जो पंजी II के भोल्यूम नं0- I पेज नं0 88 में उनका नाम इन्दराज है। एवं जिसपर हमारा दखल-कब्जा निर्विवाद रूप से चला आ रहा है । एवं उसपर कोई ऋण या भार नहीं है ।


(घ) लेखयधारी को उपर्युक्त जमीन पर दखल-कब्जा दे दिया है ।अब लेखयधारी जैसा चाहे अपने उपयोग में लावे और दाखिल-खारिज अपने नाम करावे मालगुजारी सरकार को दिया करें ।

इसलिए यह बिक्रय-पत्र दस्तावेज लिखा दिया कि समय पर काम आवे और प्रमाण रहे ।

<u>लेख्यकारी</u> :- हमलोग यह घोषित करता हूं कि यह सम्पति भू-हदबन्दी अधिनियम की सीमा निर्धारण से अधिक नहीं है ।तथा इससे संबंधित कोई मामला मेरे बिरुद्ध किसी भी न्यायालय में लंम्बित नही है ।

① अमोस डांग
2 जॉन डांग
9.10.17




① अमोस डांग
= जॉन डांग
9.10.17



प्रमाणित किया जाता है कि लेख्यकारी श्री अमोस डांग एंव जॉन डांग ने अपने अपने बाएँ हाथ के पाँचो अंगुलियों का निशान मेरे समक्ष दिया। अजय कुमार
अधिवक्ता 9.10.17

पेज नं0 6

<u>लेखधारी</u> :- मैं यह घोषित करती हूं कि इस दस्तावेज के द्वारा प्राप्त भूमि के बाद भी मेरे हिस्से भू-हदबन्दी अधिनियम की सीमा निर्धारण से अधिक नहीं है ।



जैतून सिमोन टेटे
9.10.17



प्रमाणित किया जाता है कि लेखधारी श्रीमती जैतुन सिमोन टेटे पति सुरसेन टेटे ने अपने बाएँ हाथ के पाँचों अंगुलियों का निशान मेरे समक्ष दिया। अजय कुमार अधिवक्ता 09.10.17

① अमोसकांत
॥ जौन केरा
9.10.17

इस दस्तावेज का प्रारूप मेरे द्वारा तैयार किया गया है तथा इसके पक्षकारों को पढ़कर सुना वो समझा दिया गया है । जिसे वे भी पढ़कर स्वीकार किये कि सही है ।

प्रारूपकर्ता, अजय कुमार
अधिवक्ता
अधिवक्ता, सिमडेगा । 02.10.17

इस दस्तावेज में कुल 6 पन्नों पर मेरे द्वारा कुल 615 शब्द टंकित किया गया है जो खण्डण रहित है एवं बिक्रय वाली जमीन का नक्शा संलग्न है जो इस दस्तावेज का अंश है ।

टंकक :- देवनिस बाड़ा
2.8.2017

॥ देवनिस बाड़ा ॥
सिमडेगा कोर्ट, सिमडेगा